

# साप्ताहिक
# सूचना पत्र



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## HSSC की मीटिंग



**विषय: HSSC की मीटिंग।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हरियाणा स्टॉफ सिलेक्शन कमीशन के साथ विभिन्न विभागों से संबंधित भर्तियों को लेकर समीक्षा बैठक की गई जिसमें निम्न निर्णय लिए गए :–

- जल्द ही ग्रुप–सी और डी की भर्तियां निकाली जाएंगी।
- ग्रुप–सी और डी की भर्तियां कॉमन एलिजिबलटी टेस्ट के माध्यम से की जाएंगी।
- इन भर्तियों में वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले अभ्यार्थी भाग ले सकेंगे।
- वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल को आगामी भर्तियों के लिए दोबारा खोल दिया गया है।
- जिनके घर में कोई सरकारी नौकरी से संबंधित व्यक्ति नहीं है उन्हें 5 अंक का वेटेज दिया जाएगा।

## कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट का उद्धाटन


**विषय: कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट का उद्धाटन।**



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने करनाल प्रवास के दौरान आज कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में डायलिसिस यूनिट का उद्धाटन किया। अब करनाल वासियों को डायलिसिस के लिए कहीं बाहर नहीं जाना पड़ेगा साथ ही इसका

लाभ आप–पास के जिलों को भी मिलेगा। किडनी से संबंधित रोगियों के लिए यह एक बड़ी राहत होगी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कोरोना काल में कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के डाक्टरों द्वारा किए गए कार्यों को भी सराहा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## करनाल बीजेपी कार्यकारणी की बैठक।



**विषय: करनाल बीजेपी कार्यकारणी की बैठक।**

**प्रभाव:** करनाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री जी ने करनाल से
विधायक होने के नाते करनाल की बीजेपी कार्यकारणी की बैठक में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कार्यकर्ताओं से बात की, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें पार्टी, जनता और देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## ग्राम दर्शन पोर्टल की समीक्षा


(दिनांक 05.07.21)

**विषय: ग्राम दर्शन पोर्टल की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के सभी गांवों को एक सूत्र में पिरोनें वाले महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट ग्राम दर्शन पोर्टल की समीक्षा की जिसमें कुछ सुधार के निर्देश माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए। इस पोर्टल के बनने के बादः–

- कोई भी व्यक्ति अपने गांव से संबंधित मांग, सुझाव, शिकायत को माननीय मुख्यमंत्री जी तक सीधे रख सकेगा।
- गावं के विकास कार्यो ं की समीक्षा की जा सकेगी।
- गांव में होने वाले कार्य समय पर पूरे हो सकेंगे।

इस पोर्टल में मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार बदलाव करके जल्द ही इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगो।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विधायकों से मुलाकात

(दिनांक 06.07.21)




**विषय: विधायकों से मुलाकात।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रति सप्ताह विधायकों से मिलने के कार्यक्रम के तहत आज दिनांक को माननीय मुख्यमंत्री जी ने विभिन्न हल्कों के विधायकों से भेंट की। क्षेत्र की स्थिति और उनकी समस्याओं को सुना। जैसा कि विदित है माननीय मुख्यमंत्री जी ने हर सप्ताह के मंगलवार को विधायकों से मिलने का अपना कार्यक्रम सुनिष्चित किया हुआ है जिसके तहत हरियाणा के किसी भी हल्के से किसी भी पार्टी का कोई भी जन प्रतिनिधि (विधायक) सीधे मुख्यमंत्री जी से मिल सकते हैं और अपने कार्यों और समस्याओं को उनके सामने रख सकते हैं।

## बीजेपी जिला अध्यक्षों और समस्त विधायकों के साथ बैठक


(दिनांक 07.07.21)

**विषय: बीजेपी जिला अध्यक्षों और समस्त विधायकों के साथ बैठक।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हरियाणा निवास चण्डीगढ़ में समस्त जिला अध्यक्षों के साथ–2 पार्टी के सभी मंत्रीगण और विधायकों के साथ बैठक की गई जिसमें पार्टी अध्यक्ष और संगठन मंत्री जी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी जिला अध्यक्षों और विधायकों को निम्न बिन्दुओं पर मार्गदर्शन किया गया :–

- सभी जिला अध्यक्ष और विधायक सरकार से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों तक लेकर जाएं और यदि लोगों को योजनाओं का लाभ पाने में कोई कठिनाई हो तो उसे दूर करें।
- पार्टी की ओर से एक वालेंटियर ऐप बनाया गया है जिसमें पार्टी के विधायक और पदाधिकारी अपने–2 क्षेत्र से उन लोगों को जोड़ सकेंगे जो वालेंटियर के नाते जुड़कर पार्टी का काम करना चाहते हैं।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

• उन लोगों से सम्पर्क किया जाए जिन्हें सरकार की किसी योजना का लाभ मिला हो और उसपर सुझाव अथवा फिडबैक भी संबधित व्यक्ति से लिया जाए।

• परिवार पहचान पत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाए और इसके तहत चल रहे सर्वे को जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाए।

इन सबके अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री जी ने सरकार की आने वाली कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान, शहरी स्वामित्व योजना, माइक्रो इरिगशेन और मेरा पानी मेरी विरासत की जानकारी भी सभी से साझा कर उनसे चर्चा की और सुझाव लिए।

## नई शिक्षा नीति को लागू करने की प्रक्रिया की समीक्षा
(दिनांक 08.07.21)



**विषय: नई शिक्षा नीति को लागू करने की प्रक्रिया की समीक्षा।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा नई शिक्षा नीति को हरियाणा में लागू करने के लिए सभी संबंधित विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि :–

• हरियाणा में नई शिक्षा नीति को 2025 तक लागू कर दिया जाएगा जबकि भारत सरकार द्वारा इसका टारगेट 2030 रखा गया है।

• 3 से 5 साल तक के बच्चों की प्राइमरी शिक्षा सुनिष्चित करने के लिए आंगनवाड़ियों को प्लेवे स्कूल में बदला जाएगा और जो 1000 प्लेवे स्कूल तैयार हो चुके हैं उनमें दाखिला शुरू किया जाएगा।


• हर जिले में विदशी भाषा सीखने वाला 1 स्कूल सुनिष्चित किया जाएगा।

• ड्राप आउट (स्कूल से बाहर होने वाले बच्च) को पूरी तरह खत्म कर हर एक बच्चे का स्कूल में दाखिला हो यह सुनिष्चित किया जाएगा।

• नई शिक्षा नीति सभी बच्चों और अध्यापकों तक पहुंचे इसके लिए विभाग द्वारा प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

• 100 सुपर कोचिंग प्रोग्राम को 4 जिलों में कर दिया गया है तथा साथ ही लॉ के लिए क्लेट और आर्मी के लिए सी.डी.एस. परीक्षा की तैयारी करने के लिए भी कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।

• हरियाणा से आर्मी में जाने वाले बच्चों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष 'आर्म फोर्स ट्रेनिंग स्कूल' खोलने की योजना भी बनाई जाएगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मार्केट रेट फिक्स करने के संबंधी प्रकिया की समीक्षा

(दिनांक 09.07.21)



**विषय: मार्केट रेट फिक्स करने के संबंधी प्रकिया की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा हरियाणा में जमीनों के मार्केट रेट फिक्स करने संबंधी प्रक्रिया की समीक्षा की गई। जिसमें विभिन्न सुझाव और आदेश माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए। जनता को होने वाली असुविधा और

मार्केट रेट के संबंध में आम सहमती न बन पाने को लेकर आज मुख्यमंत्री जी द्वारा एक सुचारू प्रक्रिया अपनाकर इसे तय करने के आदेश दिए ताकि जमीनों के उचित रेट तय हो सके और आम जनता को भी कोई परेशानी न हो। इस संबंध में विभाग द्वारा जल्द ही एक पॉलिसी तैयार की जाएगी।

## सरकारी आवास का आवंटन (अलाटमेंट) के पोर्टल की समीक्षा


(दिनांक 09.07.21)

**विषय: सरकारी आवास का आवंटन (अलाटमेंट) के पोर्टल की समीक्षा।**



**प्रभाव:** सरकारी आवास के आवंटन के संबंध में पारदर्शिता और सरलता लाने के लिए आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा इस संबंध में बनाए गए पोर्टल का रिव्यू किया गया तथा बदलाव के लिए कुछ निर्देश दिए गए।

भविष्य में सरकारी कर्मचारियों को घरो ं का अलाटमेटं इसी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इससे न सिर्फ आवंटन में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय पर और जरूरत के हिसाब से कर्मचारियों को आवास दिए जा सकेंगे। इस पोर्टल को पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद जल्द ही कर्मचारियों के लिए खोल दिया जाएगा।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फिशिरिज (मछली पालन) विभाग की समीक्षा बैठक

(दिनांक 09.07.21)



**विषय: फिशिरिज (मछली पालन) विभाग की समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किसानों की आमदनी बढ़ाने और मछली पालन को प्रोत्साहन देने के लिए विभाग के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निम्न निर्णय लिए गए :–

- हरियाणा के 14 जिले जहां खारे पानी की मात्रा अधिक है उनमें मछली पालन को बढावा दिया जाएगा।
- हरियाणा में जल्द ही मछलियों के व्यापार के लिए एक मंडी बनाई जाएगी।
- मछली के साथ–2 झींगा उत्पादन पर भी विशेष बल दिया जाएगा।
- गुरूग्राम में एक एकड़ का एक्विरियम भी बनाया जाएगा जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र होगा।
- भविष्य में मछली पालन करने वाले सभी किसानों का डाटा' मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पर डाला जाएगा।
- अन्य विभागों की खाली पड़ी वॉटर बाडी को भी मछली पालन के लिए शामिल किया जाएगा जैसे कर्ण लेक, टिकर ताल आदि। इससे न केवल मछली उत्पादन में हरियाणा आगे बढ़ेगा बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। इस पोर्टल को पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद जल्द ही कर्मचारियों के लिए खोल दिया जाएगा।